देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 16.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- देहरादून में निम्न आय वर्ग के लोगों का 'अपने घर' का सपना होगा साकार। लैंड पूलिंग के तहत भूमि अधिग्रहण की तैयारी शुरू।
- राज्य में 19 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भवनों के पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए राज्य सरकार ने चार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मंजूर की।
- प्रदेश में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' कार्यक्रम के तहत सरकार सीधे जनता तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।
- खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने कहा– प्रदेश में राशन कार्ड की ई–केवाईसी की प्रक्रिया से छूट गए लोगों के मामले की जांच की जाएगी।

घर

उत्तराखंड सरकार ने नए साल की शुरुआत में निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए अपने घर का सपना साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसके लिए लैंड पूलिंग के तहत भूमि अधिग्रहण की तैयारी की जा रही है। मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए ने इस योजना को लेकर कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में प्राधिकरण मुख्यालय में हुई बैठक में प्रस्तावित आवासीय परियोजना के लिए भूमि चयन, बजट, डीपीआर और क्रियान्वयन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में एमडीडीए की अन्य आवासीय, वाणिज्यिक, पुनर्विकास, पार्किंग और हरित परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष ने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न आवासीय परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए ईडब्ल्यूएस आवासों के निर्माण को प्राथमिकता देने और शेष आवासीय इकाइयों के शीघ्र विक्रय के निर्देश दिए गए। आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना, ऋषिकेश में बहुमंजिला पार्किंग, इंदिरा मार्केट पुनर्विकास, सिटी फॉरेस्ट, आईएसबीटी क्षेत्र की व्यवस्थाओं और सिटी जंक्शन मॉल के संचालन से जुड़े विषयों पर भी मंथन हुआ। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार शहरों के सुनियोजित विकास और आमजन को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और आवासीय योजनाओं में विशेष रूप से निम्न आय वर्ग को प्राथमिकता दी जा रही है।

धनराशि मंजूर

प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 19 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भवनों के पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए राज्य सरकार ने चार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मंजूर की है। इनमें पिथौरागढ़ जिले के 5, पौड़ी गढ़वाल के 10, ऊधम सिंह नगर के 2 और रुद्रप्रयाग तथा अल्मोड़ा

जिले के एक–एक विद्यालय शामिल हैं। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इन कार्यों के लिए कार्यदायी संस्थाएं भी नामित कर दी गई हैं और जल्द ही शासन स्तर से आदेश जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्राथमिक विद्यालयों की अवस्थापना संरचना और भौतिक संसाधनों को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है, ताकि छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। डॉ. रावत ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों में भवन निर्माण, मरम्मत, कक्षा–कक्ष, प्रधानाध्यापक कक्ष और अन्य संरचनात्मक कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए राज्य सेक्टर के वृहद निर्माण मद से धनराशि जारी की गई है और पेयजल निगम तथा ग्रामीण निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है।

कार्रवाई

रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि में 15 वर्ष बाद निकली महर्षि अगस्त्य मुनि महाराज की ऐतिहासिक देवरा यात्रा के दौरान अव्यवस्था फैलाने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और राष्ट्रीय राजमार्ग–107 बाधित करने के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। इस संबंध में 52 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता व लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि धर्म की आड़ में अराजकता, हिंसा या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार, शांतिपूर्ण आयोजन की पूर्व तैयारियों और पारंपरिक मार्ग की सहमति के बावजूद कुछ लोगों ने डोली को जबरन क्रीड़ा भवन के मुख्य द्वार से ले जाने का दबाव बनाया, जिससे द्वार टूट गया और राजमार्ग 3 से 4 घंटे बाधित रहा।

संप्रेषण गृह निरीक्षण

पौड़ी जिला निरीक्षण समिति ने महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र, राजकीय सुरक्षा स्थान व राजकीय संप्रेषण गृह–किशोरी, कोटद्वार का त्रैमासिक निरीक्षण किया। परिवीक्षा अधिकारी व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान समिति ने संस्थानों की भौतिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं, अभिलेखों, दैनिक गतिविधियों और प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का अवलोकन किया गया। इस दौरान संस्थानों में निवासरत बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया, जिसमें उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की जांच करते हुए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य संस्थानों में निवासरत बालिकाओं के लिए उपलब्ध आवास, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पोषण, शिक्षा, मानसिक परामर्श एवं पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं का समग्र मूल्यांकन करना था।

जन–जन की सरकार

प्रदेश में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' कार्यक्रम के तहत सरकार सीधे जनता तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। राज्य के सभी जिलों में अब तक करीब 347 शिविरों के माध्यम से जनता को सीधे प्रशासनिक सेवाओं से जोड़ा गया है। इन शिविरों में दो लाख 77 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया है। शिविरों में दर्ज 22 हजार से ज्यादा शिकायतों में से करीब 19 हजार

निस्तारण किया गया है। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता और सरकार के बीच विश्वास का सेतु है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सेवाओं की सीधी पहुँच सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह अभियान उसी प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया यह सिद्ध करती है कि यह मॉडल आने वाले समय में सुशासन की एक मिसाल बनेगा।

ई–केवाईसी

प्रदेश में राशन कार्ड की ई–केवाईसी की प्रक्रिया से छूट गए लोगों के मामले की जांच की जाएगी। प्रदेशभर में पिछले साल राशन कार्ड को पूरी तरह डिजिटल करने के उद्देश्य से ई–केवाईसी अभियान चलाया गया था। सरकार की ओर से इस प्रक्रिया की समय–सीमा दो बार बढ़ाई गई, जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तय की गई थी। खाद्य मंत्री रेखा आर्य ने स्पष्ट किया कि ई–केवाईसी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि राशन कार्ड का लाभ वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही पहुंचे। उन्होंने कहा कि जो लोग ई–केवाईसी से छूट गए हैं, ऐसे मामलों का परीक्षण किया जाएगा।

मौसम/शीतलहर

राज्य में कई हिस्सों में शीतलहर का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर ज़िलों के कई क्षेत्रों में शीत लहर और शीत दिवस की स्थिति रहने की संभावना है। इन दोनों जिलों में घना से बहुत घना कोहरा भी छा सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून जिलों के मैदानी इलाकों में भी कहीं–कहीं घना कोहरा रहने की संभावना है। वहीं राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर पाला पड़ सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में अगले कुछ दिन तीन हजार चार सौ मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में कहीं–कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

शतरंज प्रतियोगिता

देहरादून में सात और आठ फरवरी को एक प्रतिष्ठित फिडे रेटेड रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के तत्वावधान में देहरादून ओपन–फिडे रेटेड रैपिड चेस टूर्नामेंट प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें देशभर से शतरंज खिलाड़ी भाग लेंगे।

टूर्नामेंट फिडे के नियमों के अनुसार खेला जाएगा और इसमें रैपिड शतरंज के दस राउंड होंगे। प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए खुली रहेगी, जिसमें रेटेड और अनरेटेड दोनों तरह के खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में कुल एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है। इसके साथ ही विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और सभी प्रतिभागियों को ई–सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।